हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–150 : जौनपुर, मंगलवार 02 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी कैबिनेट बैठक में 13 प्रस्ताव पारित : राम नगर पालिका परिषद वाराणसी नगर निगम में शामिल

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार की मंगलवार को लोक भवन में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक के फैसलों की नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी नगर निगम सीमा विस्तार करते हुए राम नगर पालिका परिषद को निगम सीमा में शामिल किया गया है। नवसृजित नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद के लिए 550 करोड़ की मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शुरू की है। मुख्य मार्ग से श्रीराम जन्मभूमि तक पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। तीन नगर पंचायत का विस्तार किया गया है। सात नगर पालिका परिषद का विस्तार किया गया है। प्रतापगढ़ की डेरवा बाजार नई नगर पंचायत का गठन किया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में पहुंच मार्ग



के 797.6 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंजूर किया है। मार्ग के लिए जो भी अधिग्रहण किया जाएगा उससे प्रभावित दुकानदारों को विस्थापित किया जाएगा।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला : 800 से अधिक सरकारी वकील बर्खास्त

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार ने 841 सरकारी वकीलों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। विधि एवं न्याय विभाग के विशेष सचिव निकुंज मित्तल की तरफ से जारी आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त सभी सरकारी वकीलों की सेवाएं खत्म कर दी गई हैं। आदेश के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ से 505 राज्य विधि अधिकारी और हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से 336 सरकारी वकीलों की छुट्टी कर दी गई है। उधर, राज्य सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 366 और लखनऊ खंडपीठ में 220 नए सरकारी वकील नियुक्त किए हैं। लखनऊ बेंच के दो चीफ स्टैंडिंग काउंसिल की सेवाएं समाप्त की गई हैं। इसके अलावा 33 एडिशनल गवर्नमेंट एडवोकेट, क्रिमिनल साइड के 66 और 176 सिविल ब्रीफ होल्डर को हटाया गया है। 59 एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल और स्टैंडिंग काउंसिल की सेवाएं भी समाप्त कर दी ई हैं। सरकार इस पर काफी लंबे समय





से विचार कर रही थी। पहले स्कूटनी की गई। फिर प्लानिंग के बाद देखा गया कि कई सरकारी वकील अनुपस्थित रहते थे। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

## विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने क्रमबद्ध आंदोलन की बनाई रणनीति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाध्यक्ष अमित सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक हुसेनाबाद स्थित कैम्प कार्यालय में हुई। बैठक में उपस्थित जनपद के समस्त ब्लाक इकाई के ब्लाक अध्यक्षध मंत्री एंव जनपदीय पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी है जिसके तहत प्रथम चरण में 25 जुलाई से 25 अगस्त तक हस्ताक्षर अभियान चल रहा है,जिसमे 26 अगस्त तक समस्त ब्लाक अध्यक्षध मंत्री ब्लाक के समस्त शिक्षकों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिलाध्यक्ष को उपलब्ध कराएंगे एवं जिला कार्यकारिणी द्वारा 30 अगस्त को वह ज्ञापन प्रदेश नेतृत्व को सौपा जाएगा। आंदोलन के दूसरे चरण में सितंबर माह के मध्य में जनपद स्तर का एकदिवसीय विशाल ध् ारना प्रदर्शन होना सुनिश्चित हुआ है। आंदोलन के तीसरे चरण में 15 नवंबर 2022 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा जिसमे पुरानी पेंशन सहित चार सूत्रीय मांग पत्र माननीय मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवम बेसिक शिक्षा मंत्री को प्रेषित किया जाएगा यदि फिर भी मांगे पूरी नही हुई तो 30 जनवरी 2023 को देश की राजधानी नई दिल्ली लाखो शिक्षकधशिक्षिकाओ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित चार मांगो को लेकर धरना दिया जाएगा इन सभी प्रस्तावों पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में आंदोलन की सफलता के लिए हुंकार भरी बैठक में जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा



कि हाल में ही सरकार द्वारा घोषित कैशलेस बीमा योजना शिक्षकों के लिए नितांत भेदभाव पूर्ण और अव्यवहारिक है,हमे भी राज्यकर्मचारियो की तरह शून्य निवेश आधारित कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाय,साथ ही साथ हम लोग स्थानांतरण पॉलिसी के मसौदे का भी पूर्ण विरोध करते है,इस पॉलिसी से वर्षो से प्रतीक्षारत दूरस्थ ब्लाकों के अध्यापकों को कोई लाभ नही होगा,सरकार द्वारा इस पॉलिसी में संशोधन किया जाय। इसके पूर्व बैठक में केक काटकर धूमधाम से प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय जी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सतीश पाठक ने किया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह, डॉ अखिलेश सिंह, राजेश सिंह टोनी ,अतुल सिंह, उमेश यादव,संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, शैलेश सिंह, संतोष सिंह बघेल, राम सिंह राव, संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह संतोष सिंह, सरोज सिंह, सजल सिंह, विशाल सिंह, राजीवमणि त्रिपाठी नुपूर श्रीवास्तव, मुन्ना लाल यादव, गिरीश सिंह, उमेंद्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रोहित सिंह,ममता श्रीवास्तव, अनुज सिंह, धीरज कश्यप, अजय सिंह, अरविंद सिंह, प्रदीप सूर्या, साकेत सिंह, अमित सोनकर, सर्वजीत श्रीवास्तव, सतीश मौर्या, संतोष उपाध्याय, मनोज सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## कक्षा एक की छात्रा द्वारा प्रधानमंत्री को भेजा गया मार्मिक पत्र : देश की कमरतोड़ महंगाई को दर्शाता है– कृष्णकांत पाण्डेय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूरे देश में बढ़ती हुई महंगाई से जहां अफरा तफरी मची हुई है वहीं उत्तर प्रदेश में नौनिहाल बच्चे भी अछूते नहीं हैं। फिर भी भाजपा सरकार की बेशर्मी– लगातार उपलब्धियां बता रही है। जहां किसान कर्ज के बोझ तले, नौजवान नौकरी के अभाव में, मरीज ऑक्सीजन एवं एम्बुलेंस के आभाव में जान गवाने को विवश है। कानून व्यवस्था अपने निचले पायदान पर खड़ी है वहीं सरकार ट्रांन्सफर्र, पोस्टिंग, घोटाले एवं धन उगाही में व्यस्त है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने उक्त बाते कहते हुए आगे कहा कि कन्नौज जिले के छिबरामऊ नगर के बिरतिया मोहल्ले की कक्षा एक की छात्रा कृति दुबे ने बड़ा ही मार्मिक पत्र प्रधानमंत्री जी को लिखा जो प्रदेश की दशा और दिशा दर्शाता है। ''आप ने मेरी रबर, पेन्सिल एवं मैगी महंगी कर दी मांगने पर मम्मी मारती है'' मैं क्या करू? कुछ इस तरह की बातें पांच साल की छात्रा ने लिखकर जिस तरह से अप्रत्याशित महंगाई का वर्णन किया है दिल दहला देता है। छात्रा ने अपने पिता पर दबाव बनाकर यह पत्र डाक के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजवाया। यह है उत्तर प्रदेश एवं देश के हालात प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि पिछले लगभग साढे पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश में जिस तरह से स्वास्थय विभाग का फर्जी डंका पीटा जा रहा है नई सरकार में नये मंत्री द्वारा कुछ ज्यादा ही प्रदर्शन हो रहा है। सच्चाई यह है कि जनपद एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई लोधी मेडिकल कॉलेज में 4 साल की बच्ची ऑक्सीजन के अभाव में घंटों तड़पती रही, अन्ततोगत्वा मृत्यु हो गयी। निधौली कलां थाना अन्तर्गत





गांव नगला फकीर निवासी मुकेश कुमार की चार वर्ष की बच्ची गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज परिजनों द्वारा ले जाई जाती है, अस्पताल के हालात यह थे कि ऑक्सीजन की पाइप लाईन में लगा वॉल्व ही खराब निकला और आगरा ले जाने के लिए सरकारी एम्बुलेंस में ऑक्सीजन नहीं थी। जब तक बच्ची आगरा पहुंचती रास्ते में ही दम तोड़ दी। आगरा में एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजनों को मासूम का शव अवागढ़ तक रोड़वेज बस द्वारा बाद में बाईक द्वारा गांव तक ले जाना पड़ा। यह प्रदेश सरकार की व्यवस्था एवं मुख्यमंत्री जी के दावों की पोल खोलता है। प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने बताया कि बेरोजगारी ने किस तरह से नौजवानों के हौंसलों को पस्त किया है। यह जनपद आगरा के नगला तलफी में देखने को मिला कर्मवीर नाम का एक युवक सेना में भर्ती होने की तैयारी के साथ साथ अन्य नौकरी की भी तलाश में था। असफल होने पर '' मम्मी पापा माफ करना'' लिखकर यमुना नदी में कूद गया। प्रवक्ता पाण्डेय ने अंत में बताया कि कानून व्यवस्था इस कदर लचर हो गयी है कि जनपद मेरठ के वेदव्यास पुरी में एक व्यक्ति द्वारा दरोगा के ऊपर शराब की बोतल फोड़ी जाती है तथा थाने में पुलिसकर्मियों से अभ्रदता भी की जाती है।

## ममता संस्था द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से एक जागरूकता अभियान जुग जुग जियो नाम से किया गया आरंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ममता संस्था द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से एक जागरूकता अभियान जुग जुग जियो के नाम से आरंभ किया गया इस अभियान की शुरुआत बाल विकास परियोजना अध् ाकारी अलीगंज सुनीता राय ने किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इसकी शुरूआत अगस्त 1990 में हुई थी। विश्व स्तनपान सप्ताह घोषित किए जाने का उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना था, जिससे शिशुओं को सही पोषण और उनका स्वास्थ्य बेहतर किया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, स्तनपान माताओं और बच्चों, दोनो के लिए बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। स्तनपान को बढ़ावा देकर हर साल 8 लाख से अधिक जानें बचाई जा सकती है, इनमें ज्यादा संख्या 6 महीने से कम उम्र के बच्चों की है। स्तनपान कराने से माताओं को स्तन कैंसर, डिम्बग्रंथि के कैंसर, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोगों के होने की संभावना कम हो जाती मां का पहला दूध बच्चे के लिए बहुत ही उपयोगी होता है जिसे कोलोस्ट्रम कहते हैं जन्म के 1 घंटे के अंदर ही बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध जरूर पिलाना चाहिए जिससे बच्चा स्वस्थ और बहुत सारी बीमारियों से बच जाता है और





बच्चे को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए ऊपर से कुछ भी नहीं पानी भी नहीं क्योंकि मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है उन्होंने कहा कि बच्चे को 6 माह के उपरांत हल्के भोजन से जैसे दलिया मछला हुआ केला आदि से शुरुआत करनी चाहिए और धीरे–धीरे इसे बढ़ाने से जिससे बच्चे का विकास सही तरीके से हो सके। इस मौके पर भ्ब्स् फाउंडेशन की स्पोक पर्सन कविता कुमारी भी उपस्थित थी उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी से स्तनपान सप्ताह पर एससीएल के विभिन्न पार्टनर साथियों के द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार की के कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से उदय परियोजना के प्रोग्राम मैनेजर क्षमाशील वर्मा कम्युनिटी मोबिलाइजर निशा सिंह गायत्री सोनकर सुमन शुक्ला और आंगनवाड़ी वर्कर भी उपस्थित थी।

## सपा प्रत्याशी कीर्ति का पर्चा रद्द : भाजपा उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत तय

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को एमएलसी उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। एमएलसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल का पर्चा रद्द हो गया है। पर्चा रद्द होने की वजह कीर्ति कोल की उम्र बताई गई है। ऐसे में भाजपा के दोनों उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत तय है। विधान परिषद उप चुनाव में सपा उम्मीदवार कीर्ति कोल का कम उम्र के चलते नामांकन पत्र खारिज किया गया है, विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन के लिए न्यूनतम 30 वर्ष की आयु होनी चाहिए, लेकिन समाजवादी पार्टी की विधान परिषद उम्मीदवार कीर्ति कॉल ने नामांकन पत्र में अपनी उम्र 28 वर्ष दिखाई थी। रिटर्निंग अफसर ने जांच के बाद आज नामांकन पत्र खारिज करने की कार्रवाई की है। कीर्ति का पर्चा खारिज होने के बाद भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और निर्मला कोल का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। आपको



बता दें कि सोमवार को सपा उम्मीदवार कीर्ति कोल ने पार्टी के प्रदेश अध् यक्ष नरेश उत्तम पटेल और विधानमंडल दल में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय के नेतृत्व में नामांकन पत्र दाखिल किया था। कीर्ति ने भी अहमद हसन के निधन से खाली हुई सीट पर नामांकन किया था।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गुरु विश्राम वृद्ध आश्रम में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर श्मातृभूमि सेवा संस्था द्वारा दिल्ली के बदरपुर क्षेत्र में स्थित गुरु विश्राम वृद्ध आश्रम में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया।





जिसमें राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल की वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गायत्री प्रिया और उनकी सहयोगी डॉ. अमिता के साथ मातृभूमि सेवा संस्था के स्वास्थ्य प्रोजेक्ट प्रमुख पुरषोत्तम के अतिरिक्त नेत्र विज्ञान के विद्यार्थियों मानिक व हुमा ने अपना सहयोग देकर शिविर को सफल बनाया । इस शिविर मे लगभग 150 लोगों का नेत्र जाँच किया गया, जिसमें 18 लोगों को सफेद मोतियाबिंद और 9 लोगों को काला मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी मरीजों को राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया, वहाँ मातृभूमि सेवा संस्था द्वारा सभी मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन व दवाई उपलब्ध कराई जायेगी।

## नगर में धूमधाम व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई ऐतिहासिक साष्टांग दण्डवत यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर में आज बोलबम दण्डवत कांवरिया संघ जौनपुर द्वारा भव्य तरीके से साष्टांग दण्डवत यात्रा प्रत्येक वर्ष नागपंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित किया जाता है विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से निकाली गई जिसमें भक्तों,श्रद्धालुओं व आयोजकों का उत्साह देखते बनता था ऐतिहासिक साष्टांग दंडवत यात्रा हनुमान घाट





से प्रारंभ होकर अपने रास्ते चाहरसू चौराहाश कोतवाली चौराहा ,नवाब युसूफ रोड होते हुए बड़ी मस्जिद भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर जाकर समाप्त होती है जिसमें हजारों की संख्या में बोल बम के भक्त बोल बम का नारा गुंजायमान करते हुए चल रहे थे कोरोना काल के दौरान लगाए गए प्रतिबन्धों के कारण मुरझाया हुआ उत्साह मानो इस वर्ष अपनी क्षतिपूर्ति कर रहा हो,ढोल,नगाड़ो डीजे की सुमधुर ध्वनि और कांवड़ियों की भीड़ देख कर ऐसा ही प्रतीत हो रहा था। इस पुण्यदायी अवसर पर स्थान–स्थान पर प्रसाद वितरण तथा शीतल जल तथा बिस्किट आदि का वितरण समाजसेवीगण करते नजर आ रहे थे नगर में चांद मेडिकल तिराहे नवाब युसूफ रोड पर पर भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में जौनपुर के स्काउट प्रशिक्षक निसार अहमद व सनी मौर्य भी श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा में पीछे नहीं रहे ,अपना स्टाल लगाकर पानी,बिस्किट, तथा मिष्ठान का वितरण किया और दूर से आए हुए शिव भक्तों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा इस सराहनीय कार्य को बोल बम कांवरिया संघ ने सराहा और कहा कि नर सेवा नारायण सेवा भक्तों की सेवा करना सबके बस की बात नहीं भगवान जिस को इस नेक कार्य के लिए चुनते हैं वही इस पुण्य कार्य को कर पाता है स्काउट गाइड द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को साष्टांग कांवरिया संघ ने जमकर तारीफ की और सराहा भी।



–सुविचार–

योगी न बन सके तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# इतिहास : तिरंगे ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधा

गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार द्वारा हर प्रकार के सहयोग और समर्थन देने की घोषणा की है। 2 अगस्त यानी आज पिंगली वेंकैया की 146वीं जन्म जयंती भी है। उनके प्रति जन ध्न्यवाद करते हुए एक 'राष्ट्रीय ध्वज गीत' भी जारी होगा। आने वाली पीढ़ियों को हम कैसा भारत देंगे?

आदि से वर्तमान तक ध्वज पताका या झंडे का इतिहास मिलता रहा है। चाहे वह धर्मग्रंथ हों या सिंधु घाटी व राखीगढ़ी सभ्यता की खुदाई से मिले अवशेष हों। इनमें झंडे का रूप, आकार और इतिहास मिलता रहा है। झंडे का वर्णन संजय ने महाभारत के शांति पर्व और द्रोण पर्व में किया, जिसमें कौरव–पांडव दोनों सेनाओं के ध्वजों का उल्लेख मिलता है। साथ ही अर्जुन के रथ पर ध्वज के साथ हमेशा विराजमान हनुमान जी साक्षात उदाहरण हैं।

युग कोई भी रहा हो, ध्वज के साक्षात प्रमाण हमें मिलते रहे हैं। उदाहरण के रूप में सतयुग में ब्रह्मा जी की हंस ध्वजा, त्रेता युग में भगवान राम की सूर्य ध्वजा, द्वापर युग में श्रीकृष्ण की गरुड़ ध्वजा या फिर कलयुग में जगन्नाथ मंदिर पुरी में हवा के विपरीत दिशा में रहस्यमय तरीके से लहरता पतित पावन ध्वज। वर्तमान में भी किसी धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ ध्वजा स्थापना के साथ ही होता है, क्योंकि ध्वज किसी भी कार्य के मंगल, विजय और निर्विघ्न संपन्नता का प्रतीक है और उस धर्म या संस्था की पहचान भी है।

एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है। तिरंगा दुनिया में हमारी विरासत, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की पहचान है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, प्रध् ाानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 से 15 अगस्त, 2022 तक जन भागीदारी से, 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से 20 करोड़ परिवारों में तिरंगा फहराने का सपना देखा है। तिरंगा पिछले 75 वर्षों से हर देशवासी को एक सूत्र में बांधता आया है।

ऐसे में हर भारतीय के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना दृढ़ होती है। 1921 में महात्मा गांधी का एक लेख यंग इंडिया पत्रिका में प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने कहा, श्एक ऐसा राष्ट्रीय ध्वज बनना चाहिए, जिसके लिए सभी धर्मों के लोग अपनी जान दे सकें।श इस ऐतिहासिक कार्य को आंध्र प्रदेश के महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने पूरा किया। उन्होंने 30 से ज्यादा देशों के राष्ट्रीय ध्वजों का अध्ययन किया और राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगे का निर्माण किया।

22 जुलाई, 1947 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई संविधान सभा की बैठक में तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार किया गया। यानी भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही यह वर्ष 'तिरंगे का अमृत महोत्सव' भी है। विजयी विश्व तिरंगा प्याराध् झंडा ऊंचा रहे हमाराध् सदा शक्ति बरसाने वालाध् प्रेम सुधा बरसाने वालाध् वीरों को हर्षाने वालाध् मातृभूमि का तन मन साराध् विजयी विश्व तिरंगा प्यारा... ये पंक्तियां हर भारतीय को उत्साह से भर देती हैं।

देशभक्ति का जज्बा पैदा कर देती हैं। ये हमारे राष्ट्रीय ध्वज की ताकत भी है और सम्मान भी है। भारत के नेता के रूप में, खिलाड़ी के रूप में और या फिर सरहदों पर खड़े जवान के रूप में, उसके लिए उसकी राष्ट्रीय पहचान तिरंगा होता है। आजादी के बाद भी कितने ही सैनिकों ने इस तिरंगे की खातिर अपना बलिदान दिया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान शहीदों के प्रति हर भारतवासी की एक सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे जन–जन में भारत गौरव और भारत भक्ति का भाव जागृत होगा।

देश के अंतिम छोर पर रहने वाले नागरिक को भी आजादी की 75वीं वर्षगांठ के महोत्सव में भागीदार बनना चाहिए, यही इसका मूल उद्देश्य है। राष्ट्रीय ध्वज को किसी संस्था या सरकार द्वारा मुफ्त में न दिया जाए, क्योंकि तिरंगे के प्रति हर जन के मन में सम्मान, स्वाभिमान और स्वामित्व का भाव जागृत होना अति आवश्यक है। केंद्र सरकार ने देश के सभी 1.6 लाख डाकघरों में भी बिक्री हेतु झंडे की व्यवस्था कराई है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सरकार के ई–मार्केट मार्केटप्लेस पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

भारत सरकार ने ध्वज की आपूर्ति की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, हितधारकों और स्वयं सहायता समूहों के साथ भी करार किया है। इस अभियान की ऐतिहासिक सफलता के लिए 'फ्लैग कोड' में 26 जनवरी, 2002 के बाद परिवर्तन किया गया है। अब मशीन से बना हुआ कपास, ऊन या रेशमी खादी और पॉलिएस्टर से बना तिरंगा भी फहरा सकते हैं। साथ ही, अब 24 घंटे तिरंगा फहराया जा सकता है।

ध्वजारोहण के अलावा इस अभियान में भाग लेने के आभासी तरीके भी हैं। संस्कृति मंत्रालय ने एक वेबसाइट ीजजचेरूध्ध् ींतहींतजपतंदह.बवउ लॉन्च की है, जहां कोई श्झंडा लगा सकता हैश और अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हुए श्फ्लैग के साथ सेल्फीश भी पोस्ट कर सकता है। केंद्र सरकार के साथ–साथ सभी राज्य सरकारों और गैर सरकारी संस्थाओं के समन्वय और सहयोग की भावना भी अभिनंदनीय है।

गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार द्वारा हर प्रकार के सहयोग और समर्थन देने की घोषणा की है। 2 अगस्त यानी आज पिंगली वेंकैया की 146वीं जन्म जयंती भी है। उनके प्रति जन ध्न्यवाद करते हुए एक 'राष्ट्रीय ध्वज गीत' भी जारी होगा। आने वाली पीढ़ियों को हम कैसा भारत देंगे? यह प्रश्न भी हमारे सामने है। निश्चित ही हम चाहेंगे कि हमारी आने वाली पीढ़ी सुखी, समृद्ध, शिक्षित, स्वस्थ और सुरक्षित होनी चाहिए, साथ ही, वह भारत के उच्च जीवन मूल्यों की द्योतक भी बननी चाहिए।

अब वक्त एक नए युग निर्माण का है, जिसकी शुरुआत स्वतंत्र भारत की 75वीं वर्षगांठ पर की जा सकती है। हम 'अमृत काल' (अगले 25 वर्ष अर्थात आजादी के 100 वर्ष) में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए 15 अगस्त को तिरंगे के सामने हर नागरिक को नए संकल्प लेने होंगे। वह दृश्य दुनिया को भारत की एकता का संदेश होगा, जब देश के 20 करोड़ परिवार एक साथ नए संकल्पों के साथ अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। इसी दृष्टि से भारत अपनी आजादी के सौ वर्ष अर्थात आजादी के श्अमृत कालश की ठोस कार्य योजना भी बना रहा है और अगले पच्चीस वर्षों की दूर दृष्टि से अनेक प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन भी कर रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## आदमपुर गैस एजेंसी पर लूट व बेलसर के हार्डवेयर की दुकान पर हुई बड़ी चोरी का किया खुलासा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा एसओजी तथा उमरी एवं तरबगंज थाने की पुलिस टीम के संयुक्त प्रयासों से चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। यह गिरोह जनपद में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने में कामयाब था। पुलिस ने इस गिरोह के निशानदेही पर 10 अदद गैस सिलेंडर तथा 2 ज्वेलरी सेट रोल्ड गोल्ड ,4 मोबाइल, एक लैपटॉप, 538 अदद निपुल स्टील व प्लंबरिंग के फिटिंग का सामान तथा 6 अदद कंसील्ड पीतल ,तीन पंपिंग सेट व इसके साथ में चाकू व 315 बोर का तमंचा मय 2 कारतूस बरामद किया गया है। जनवरी माह में बेलसर के हार्डवेयर की दुकान पर हुई लाखों के कीमती पार्ट की चोरी तथा आदमपुर में 8 फरवरी की रात को गैस एजेंसी पर 28 सिलेंडर, लैपटॉप सहित 45 हजार नगद की लूट जनपद पुलिस के लिए एक चुनौती बनी हुई थी। एसओजी की टीम के द्वारा घटनाओं में गायब मोबाइल को सर्विलांस से लगातार निगाहबीनी की जा रही थी। इसी आधार पर बंसी प्लंबर निवासी विशुन तिवारी बेलसर का नाम सामने आया। प्लंबर का नाम आते ही तरबगंज पुलिस के कान खड़े हो गए क्योंकि बेलसर में हुई चोरी में एक चीज सामने आई थी कि चोरों ने केवल कीमती हार्डवेयर के सामानों पर ही हाथ साफ किया था। वहीं 10 सिलेंडर तथा लैपटॉप की बरामदगी पर उमरी पुलिस भी सक्रिय हो गई। बताया जा रहा है कि इस गिरोह ने 9 फरवरी की रात गैस एजेंसी पर धावा बोला और वहां पर खड़े मिनी ट्रक पर लदे 28 भरे हुए सिलेंडर तथा ऑफिस का ताला तोड़कर 45 हजार रुपए नगद तथा लैपटॉप मोबाइल लेकर



भाग निकले। गनीमत यह रही कि मिनी ट्रक को ले जाते समय सिसई गांव के समीप डीजल समाप्त हो गया है जिससे यह लोग गाड़ी में लदे सिलेंडर को ठिकाने लगाकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। वंशी के हिरासत में आते ही धीरे–धीरे इसके सारे गिरोह का खुलासा होता चला गया। इस गिरोह ने जिले में कई चोरियों को अंजाम देने की बात कबूल की है। क्षेत्राधिकारी संसार सिंह राठी ने बताया कि वंशी पुत्र नान्हू व लल्लन पुत्र रामफल निवासी गण बिशुन तिवारी बेलसर, तथा अजय पुत्र छब्बू निवासी रघुवर पुरवा ,बेलसर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है तथा इस गिरोह मे शामिल अन्य सदस्यों को तलाश की जा रही है।जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। गिरफ्तारी में एसओजी प्रभारी अमित कुमार की टीम, उमरी थानाध्यक्ष मुकेश पांडे की टीम तथा तरबगंज के एसआई योगेश सिंह व बेलसर चौकी प्रभारी कामेश्वर नाथ राय की प्रमुख भूमिका रही।

## विद्यालय में शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सोमवार को क्लास में पढ़ाते समय शिक्षक के सीने में अचानक दर्द होने पर वह गिर पड़े। साथी शिक्षक व अन्य लोग आनन फानन में सी एच सी बल्दीराय ले गए। जहाँ चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय चकमूसी शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार पूरे जमादार मजरे दौनों गांव निवासी शिव पूजन पुत्र विश्वनाथ प्राथमिक विद्यालय चकमूसी में सहायक अध्यापक पद पर कार्य रत थे।उन्हें तीन माह का एक छोटा लड़का और एक लड़की भी है और बहन नीलम कंपोजिट विद्यालय हेमनापुर में सहायक अध्यापक हैं। शिव पूजन आज क्लास में पढ़ा रहे थे। तभी अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा और गिर पड़े। आनन फानन में साथी शिक्षक व अन्य लोग सीएचसी बल्दीराय ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक साथी के निधन की सूचना मिलते ही बल्दीराय के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षक साथी के मृत्यु की सूचना पाकर बी ई ओ मनोजीत राव,



राजबख्श मौर्य,शिव नरायन वर्मा,हरिश्याम मौर्य, अनिल वर्मा, राकेश सिंह,रमेश मिश्रा, वेद प्रताप सिंह,राजकुमार, राजेश यादव, शमीम खान, कदीर अहमद, चन्द्र प्रकाश वर्मा, अखिलेश, हरिनाथ शुक्ला, अवधराज उपाध्याय, शुभम सिह आदि शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडे का हुआ स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार देर शाम लखनऊ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडे का स्वागत किया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडे अधिवक्ता साथियों के साथ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने लखनऊ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडे को पुष्पगुच्छ भेंट कर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी तथा संगठन के प्रदेश एवं नगर पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ फूल मालाएं एवं अंग वस्त्र पहना कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडे को जीत की बधाई दी तथा उन्हें गणेश जी की प्रतिमा भेंट की नवनिर्वाचित लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडे ने व्यापारियों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडे ने बोलते हुए कहा व्यापारी समाज सबसे महत्वपूर्ण समाज है व्यापारियों द्वारा ही देश और प्रदेश की सरकारों को राजस्व देने तथा रोजगार देने का कार्य किया जाता है तथा प्रत्येक सामाजिक कार्यों में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है उन्होंने व्यापारियों की सभी समस्याओं में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का वायदा किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बोलते हुए कहा अधिवक्ता समाज और व्यापारी समाज एक दूसरे के पूरक है तथा अधिवक्ताओं के बिना न्याय की कल्पना नहीं की जा सकती बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडे एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने राजधानी लखनऊ के





व्यापारियों एवं जनता के हितों के लिए मिलकर सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने की घोषणा की व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं ने हाथ उठाकर एकजुटता दिखाई इस अवसर पर रमेश कुमार मिश्रा ,अधिवक्ता राकेश पाठक, अरविंद कुमार, विनय कुमार पांडे ,आशीष हितेषी,अश्वनी हितेषी, आनंद हितेषी ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश के कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष डॉक्टर साकेत चतुर्वेदी ,लखनऊ वरिष्ठ महामंत्री दीपक लंबा, महामंत्री विजय कुमार, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन, मसीह उज्ज जमा गांधी ,मोहम्मद फुरकान, व्यापारी नेता राधेश्याम शर्मा ,उमेश संवाल, पंकज अरोड़ा, राजाराम रावत ,मनीष श्रीवास्तव, श्याम सुंदर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव ,भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ,महामंत्री मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## राष्ट्र प्रेमियों ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शहीद उधम सिंह जी के 82 में शहीदी दिवस पर जंतर मंतर पर नेशनल पैंथर्स पार्टी दिल्ली प्रदेश, राजस्थान प्रदेश, भीम ब्रिगेड ,सुखमनी सेवा ऑर्गेनाइजेशन ,संपर्क सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, शाइनिंग स्टार डांस एकेडमी ने राजीव जोली खोसला और अनिल शर्मा की अध्यक्षता में दी श्रद्धांजलि और कहा कि आज भारतीयों को शहीद उधम सिंह जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की रक्षा करनी चाहिए जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लंदन में जाकर जनरल डायर को मार कर लिया और आज देश में राष्ट्र विरोधी ताकतें हाहाकार मचवा रही है धर्म के नाम पर भारतीयों को भटका कर!.उधम सिंह एक महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे. जिनके दिल में सिर्फ और सिर्फ देश प्रेम की भावना और अंग्रेजों के प्रति अगम्य क्रोध भरा हुआ था. इन्होंने प्रतिशोध की भावना के जनरल डायर की हत्या कर दी थी. उधम सिंह 13 अप्रैल 1919 के दिन ,दिल दहला देने वाली घटना में करीब 1000 से अधिक निर्दोष लोगों की शव यात्रा देख ली थी. तभी से उनको गहरा आघात हुआ और उनके अंदर आक्रोश की भावना जागृत हो गई. फिर क्या था ? उन्होंने अपने निर्देश देशवासियों की मौत का बदला लेने के लिए संकल्प कर लिया. उन्होंने अपने संकल्प को 1940 में जनरल डायर को मारकर अंजाम दिया फिर उसके बाद वह शहीद –ए –आजम सरदार उधम सिंह के नाम से भारत सहित विदेशों में भी प्रसिद्ध हो गए. आज



से 82 साल पहले उन्हें लंदन में फांसी दे दी गई मशहूर मॉडल हितेश शर्मा ने उधम सिंह जी के जीवन पर नाट्य रूपांतर कर सबको हैरान कर दिया प्रसिद्ध सिंगर सुरेंद्र पुष्करणा और लोकेश शर्मा ने राष्ट्रभक्ति का गीत गाया श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य भवानी महाराज ,इंद्रजीत सिंह के के राघव ,छतर सिंह,सुखविंदर सिंह संधू, कॉल जी,ए जे राजन ,चमन नागर ,रोशनी रहेजा, रिया कोली ,राजू जी ,विपिन जी, शैल पासवान ,अशोक पासवान ,बलविंदर खोसला ,बृजेश कुमार, कृष्णा ,सिद्धेश कुमार, धर्मेंद्र जाटव , अंगद, रीमा जी, त्रिवेणी जी, हसीना जी कृष्ण मोहन भारद्वाज सूरज भट्ट प्रेम सिंह ने खूबसूरत लम्हों को अपने कैमरे में कैद किया वा राष्ट्र भक्तों ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा उधम सिंह का नाम रहेगा' नारे लगाकर श्रद्धांजलि दी।

## पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य को स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बल्दीराय थाना क्षेत्र के बंधवा तिराहे के पास से अवैध असलहा और स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी असलहा और स्मैक तस्करी का काम कर रहे थे।बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बंधवा तिराहे के पास दो युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है।सूचना पर वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा,देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चंद्र ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों का नाम पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश कुमार यादव उर्फ दारोगा पुत्र सालिक राम यादव निवासी ग्राम बंधवा महमूदपुर मजरे हेमनापुर के पास से तलाशी के दौरान 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई।इसके अलावा इसके साथी अरमान पुत्र फारूक निवासी नन्दौली थाना बल्दीराय से तलाशी के दौरान 12 का एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए।थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए पूर्व जिला पंचायत सदस्य दरोगा यादव बल्दीराय थाना का टॉप टेन अपराधी है।इसके विरुद्ध हत्या,लूट,डकैती व गैंगस्टर सहित दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा,देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चंद्र,कांस्टेबल रवि शंकर मौर्य,रवि कुमार,हेमंत व मुकेश कुमार शामिल रहे।

## महिला मोर्चा निकालेंगी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को सुबह एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन बीजेपी महिला मोर्चा की तरफ से करने का निर्णय लिया गया है,जिस संबंध में बीजेपी जिलाध्यक्ष,महिला मोर्चा श्रीमती रेखा निषाद जी ने बताया कि जिले के हर कोने से 4 से 5 हजार की संख्या में महिलाएं तिरंगा वस्त्र ( जिसमें भगवा,हरा या सफेद रंग में से कोई भी एक रंग का हो) पहन कर 14 अगस्त की सुबह नौ बजे जिला अध्यक्ष श्री आर ए वर्मा जी के गोमती हॉस्पिटल परिसर में एकत्रित होगी और वहां से चलते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए सभी महिलाएं विकास भवन स्थित झांसी रानी की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते हुए अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। इसमें जिला से लेकर मंडल, मंडल से बूथ स्तर के साथ सेक्टर लेबल की सभी बहनें



आमन्त्रित है,जिसके पास भगवा,सफेद,या हरा,तीनों में से कोई भी रंग का वस्त्र नहीं होगा,वो तब किसी भी रंग के कपड़े पहन कर कार्यक्रम का हिस्सा बन सकती हैं। कार्यक्रम को पूरी भव्यता से सांस्कृतिक गतितिधियों के साथ संगीतमय माहौल में निकाला जाएगा।

## सनसनी खेज हत्याकांड में हत्यारोपियों तक पहुँची पुलिस : पुलिस ने दो हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : लगभग सप्ताह पूर्व हुई सनसनीखेज हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।जानकारी मुताबिक पुरानी रंजिश में युवक को गोली मारने आये अपराधियो ने अधेड़ को गोली मार मौत के घाट उतारा था।बताते चले की ये मामला है करौंदीकला थाना क्षेत्र के पठकौली सराय ख्वाजा गांव का है।जहा बीते 24 जुलाई को देर शाम बदमाशो ने मृतक गोबिन्द नाथ मिश्रा से उन्ही के पुत्र बबलू मिश्रा को पूछा था।बबलू मिश्रा के ना मिलने की दशा में बदमाशों ने गोबिंद नाथ मिश्रा को ही गोली मार कर फरार हो गए थे। पुलिस ने बबलू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अपराधियो की तलाश में जुट गई थी।अपराध ा रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अध ीक्षक सोमेन बर्मा के आदेश पर गश्त निकले थानाध्यक्ष करौंदीकला मोहम्मद अकरम खान की टीम के हाथ सफलता लगी।क्षेत्र में गश्त के दौरान मय मुखबिर इन हत्यारोपियों के देखे जाने की सूचना पर विश्वास करते हुए थानाध्यक्ष ने घेराबन्दी कर अपने टीम का कुशल नेतृत्व करते हुए हत्या आरोपी राहुल मिश्रा पुत्र राम आसरे मिश्रा उर्फ नेउर निवासी पठखौली सराय ख्वाजा थाना करौंदीकला सहित एक हत्या में शामिल एक किशोर को इब्राहिमपुर पुल के करीब से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। गिरफ्तार दोनो हत्यारोपीओ को पुलिस ने न्यायालय समक्ष किया पेश।इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान,कांस्टेबल प्रदीप कुमार सिंह,पवन यादव,हर्षित यादव,दिनेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## कटरा बिल्हौर हाईवे पर दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत में दोनों बाइक सवार जख्मी

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : पाली थाना क्षेत्र की रूपापुर पुलिस चौकी अंतर्गत रामवीर ढावा के निकट दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई । इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दोनों युवक घायल हो गए । मौके पर पीआरवी 2762 पहुंची। इस पर तैनात पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों को तत्काल पाली पीएचसी भिजवाया । जहां से एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि उसका पैर टूट चुका हैं और उसे काफी चोट भी आई है। फर्रुखाबाद जनपद के मिलक सुल्तानपुर गांव निवासी गोविंद पुत्र तारा सिंह अपनी बाइक से बिलग्राम स्थित ससुराल जा रहा था । बताते हैं कि गोविंद नशे में भी था। जब वह रूपापुर पुलिस चौकी के नजदीक रामवीर ढाबा के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही एक बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इस जोरदार भिड़ंत में गोविंद के अलावा दूसरी बाइक पर सवार सांडी के लोहारी पुरवा गांव के ध्रुव कुमार यादव पुत्र देवी सिंह घायल हो गए। मौके पर पीआरवी 2762 पर तैनात हेड कांस्टेबल विनोद सिंह राठौर और कांस्टेबल शादाब हुसैन ने तत्काल दोनों घायलों को पाली पीएचसी पर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ध्रुव कुमार यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि ध्रुव का पैर टूट चुका हैं, और उसे काफी चोट भी आई हैं । ध्रुव कुमार यादव अल्हागंज के फत्तेपुर में अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। फिलहाल घायलों के परिजनों को पुलिस के द्वारा सूचना दे दी गई है।

## शहीदों से धन्य हुई है हौज की माटी – प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को हौज शहीद स्मारक पहुंचकर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को शहीद स्तम्भ पर अंकित 16 शहीदों के बारे में प्रधान चंदन सिंह ने जानकारी दी। शहीद स्तम्भ परिसर में आयोजित शहीद नमन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि हौज गांव के लोग बहुत भाग्यशाली है कि यहां की मिट्टी में 16 शहीदों ने जन्म लिया, उनकी गौरव गाथा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का गौरव उसकी भाषा और उसका प्रतीक चिन्ह होता है। इन शहीदों ने अपनी जान की परवाह किये बिना अंग्रेजों से मोर्चा लेते रहे. इतिहास के पन्नों में वह अमर हो गए है. इनके योगदान को भावी पीढ़ी को बताने की जरूरत है ताकि उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हो। विश्वविद्यालय ने इस गाँव के शहीद मातादीन के नाम पर है मार्ग का नाम रखा है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह महामंत्री डॉ. राहुल सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.अजय द्विवेदी ने संबोधन में शहीदों को नमन किया।



शहीद स्मारक स्थल पर राज राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बयालसी पीजी कालेज, राज बहादुर पीजी कॉलेज, सरजू प्रसाद महाविद्यालय,माँ आशा ज्ञानदीप संस्थान सेवईनाला के शिक्षक, विद्यार्थी और राष्ट्रीय सेवा योजना की सेविकाएं बड़ी संख्या में पहुंची थी। कुलपति ने वहां उपस्थित शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव एवं संचालन हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आंनद शंकर चौधरी, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, सहायक कुलसचिव बबीता सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. दिव्येंदु मिश्र, डॉ. अमित वत्स, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्या, डॉ. पीके कौशिक समेत क्षेत्रीय तमाम लोग उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब जौनपुर गोमती का भव्य 33 वां अधिष्ठापन समारोह हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब जौनपुर गोमती का भव्य 33 वां अधिष्ठापन समारोह अध्यक्ष धीरज गुप्ता की अध्यक्षता में सिद्धार्थ उपवन के सभागार में हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ ईश बंदना पे कथक नृत्य की प्रस्तुति अनुष्का अग्रहरी ने व ध्वज वंदना डॉक्टर सरला गुप्ता ने प्रस्तुत किया। इसी क्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ जी सी सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत उद्बोधन व अभिनंदन किया। तत्पश्चात सचिव 2021–22 गौरव श्रीवास्तव ने वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की रूपरेखा सचिव रूप में सदन में प्रस्तुत किया आगे अध्यक्ष 2021–22 धीरज गुप्ता ने अपना अध्यक्षीय प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया। वह वर्ष भर किए गए कार्यों में सहयोग देने वाले लाइन सदस्यों व अन्य सामाजिक व्यक्तियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया व रामघाट सुंदरीकरण की विस्तृत जानकारी सदन को दी। कार्यक्रम में वाराणसी से पधारे द्वितीय उप मंडलाध्यक्ष बलबीर सिंह बग्गा ने क्लब में नवागंतुक सदस्य डॉक्टर नरेंद्र यादव, डॉक्टर पूजा यादव, अनुराग सिंह, नूपुर सिंह सुबोध बरनवाल, चंदा बनवाल, अनिल सिंह, सीमा सिंह, नवीन मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, रवि जयसवाल, तनु जयसवाल व निधि गुप्ता को दीक्षित कर लायन सदस्य बनाया। इस अवसर पर सभी नए सदस्यों को लायंस क्लब के लेबल पिन व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंचासीन प्रयागराज से पधारे हुए उप मंडलाध्यक्ष प्रथम अजय मल्होत्रा ने 2022 –23 कि नवगठित क्लब संचालक मंडल सदस्य के लिए अध्यक्ष पद हेतु देवेश गुप्ता, उपाध्यक्ष क्रमवार धनंजय पाठक, धर्मेंद्र गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, सचिव हेतु सैयद हसनैन कमर दीपू, सह सचिव मिथिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मौर्या, सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद तौफीक, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर मनीष गुप्ता, पी आर ओ सुधीर साहू, टेल टाइमर संदीप जायसवाल, टेल ट्विस्टर शशि लता को उनके पदों की जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए निदेशक मंडल को हेतु क्रमशः जागेश्वर केसरवानी, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, अरविंद बैंकर, संतोष साहू, प्रतिमा गुप्ता, ऋषि देव, सुधा मौर्य व अनिल अग्रहरी को पद व




गोपनीयता की शपथ दिलाई।इसी क्रम में सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न विभाग के चेयरपर्सन का गठन किया गया जिसमें एलसीआईएफ हेतु दीपक चिटकारीया, मेंबर शिप गणेश गुप्ता, मार्केटिंग व कम्युनिकेशन अनिल पांडेय, सर्विस चेयर पर्सन दिनेश श्रीवास्तव, डायबिटिक डॉक्टर रश्मि मौर्या, चाइल्डहुड कैंसर डॉक्टर राम अवध यादव, हंगर गणेश साहू, एन्वायरमेंट शिव शंकर साहनी, विजन अजय श्रीवास्तव, स्थाई परियोजना गोपाल कृष्णन हरलालका, वूमेन एंपावरमेंट प्रतिमा साहू आदि सभी को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए सभी संचालक मंडल सदस्य को उनके –उनके पदों पे अधिष्ठापित किया गया। तत्पश्चात नव अधिष्ठापित अध्यक्ष देवेश गुप्ता ने अपने वर्ष भर के क्लब के सेवा कार्य की रूपरेखा सदन में प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुल्तानपुर से पधारे मंडलाध्यक्ष सौरभ कांत जी ने सभा को सम्बोधित करते हुए सेवा कार्यों में लायंस क्लब के योगदान की चर्चा करते हुए इस वर्ष जौनपुर गोमती के व्दारा किए जाने वाले सभी फ्री चिकित्सा शिविर बैनर का लोकार्पण करते हुए जौनपुर गोमती के स्थाई परियोजना अन्तिम संस्कार स्थल राम घाट की चर्चा करते हुए बताया की मण्डल 321ई की एक बहुत बड़ी परियोजना है जिसकी चर्चा पूरे विश्व में हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता गैट एरिया लीडर डाक्टर क्षितिज शर्मा ने अपने उद्बोधन मे लायंस इन्टरनेशनल के व्दारा पूरे विश्व में विभिन्न आपदाओं में किए गए सहयोग व दान की वृस्तित जानकारी दी। उक्त अवसर पर डाक्टर सुलोचना सिंह व संजीव गुप्ता ने डश्रथ की उपाधि के अलंकरण को मंडलाध्यक्ष के कर कमलों के व्दारा प्राप्त किए। कार्यक्रम में सभी के प्रति आभार वध धन्यवाद ज्ञापन सचिव सै.हसनैन कमर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक व्दय धनंजय पाठक व धर्मेंद्र गुप्ता रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन मण्डल एसो. कैबिनेट सेक्रेटरी मनीष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निधि गुप्ता, डाक्टर शकुंतला यादव, खुशबू गुप्ता, सुनीता पाठक, अरूणा गुप्ता, शिव कुमार, त्रिलोकी मौर्य, प्रियंका गुप्ता,सुनीता श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। उक्त अवसर पे संजय साहू,सुनील जायसवाल, अरूणा पांडे, चंदन साहू, श्वेता जायसवाल,प्रिया साहू, मंगला साहू, सुनील कश्यप, जोन चेयरपर्सन संतोष साहू,मो. मुस्तफा, शंशाक सिंह रानू, मनोज अग्रहरी, भाजपा नेता आशीष गुप्ता आशू, ब्रह्मेश शुक्ला, सुभाष कश्यप, मिडिया क्षेत्र के पत्रकार राम जी जायसवाल, दिलीप शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्व पं0 दामोदर तिवारी जी का जन्मदिन संस्थापक दिवस के रूप में स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय पंडित दामोदर तिवारी जी का जन्मदिन संस्थापक दिवस के रूप में दिनांक 1 अगस्त 2022 दिन सोमवार को स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया है कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी मुख्य अतिथि के रूप में रहे, माननीय श्रीमती अपर्णा यादव भाजपा नेत्री समाज सेविका, महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी, माननीय श्रीमती सुरैया सिद्दीकी जी, माननीय श्री अशोक बाजपेई जी, माननीय श्री पवन सिंह चौहान विधान परिषद सदस्य, माननीय श्री अनिल सिंह विधायक पुरवा, माननीय श्री नीरज सिंह जी वरिष्ठ भाजपा नेता, माननीय श्री गिरीश मिश्रा जी सभासद, माननीय श्रीमती रेखा भटनागर जी उपस्थित रहे। माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने जो उपलब्धियां की है उस पर प्रकाश डाला है महाविद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री दिनेश तिवारी जी इस प्राचार्य डॉ रीना अस्थाना जी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की एवं आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। घर तिरंगा लहराए इस नारे के साथ सभी बच्चों ने



अपने घरों में तिरंगा लहराने का संकल्प लिया बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की एवं अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## सपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान का हुआ शुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नि०जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नन्दकिशोर यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के सदस्य अभियान चलाया जा रहा है इसमें पार्टी का कोई



भी विधायक हो नेता हो या कार्यकर्ता सबको समाजवादी विचारधारा के लोगों से मिलकर घर घर जाकर पार्टियों को नीतियों को बताकर पार्टी की सदस्यता दिलायें हमें अपने सेक्टर बूथ तक सदस्य बनाना ही हमारा लक्ष्य है हर बूथ पर कम से कम दो सौ प्रारंभिक सदस्य और कम से कम दो सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा आज देश के हालात जो बने हुए हैं उसमें लोकतंत्र की हत्या हो गई है भाजपा सरकार संविधान को नहीं मानती है और उत्तर प्रदेश में एक दहशत का माहौल बनाकर भाजपा सरकार ने रखा है अगर आप लोगों को इस दहशत से निजात कोई दिला सकता है तो सिर्फ समाजवादी पार्टी है इसलिए समाजवादी पार्टी में अधिक से अधिक सदस्य बनाकर 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव को एक कड़ी चुनौती के रूप में तैयार करना ही हमारा लक्ष्य होगा आज भाजपा जान रही हैं कि सिर्फ समाजवादी पार्टी ही मजबूत है जो हमारे हर अत्याचार का खुल कर विरोध कर सकती हैं इसलिए आज सब अखिलेश यादव को घेरने का काम कर रहे है बैठक में मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, श्रीराम यादव, राजनरायन बिन्द, सुषमा पटेल,दीपचंद सोनकर, पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, नि०प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राकेश मौर्या, शकील अहमद,राजेश यादव ,श्रवण जयसवाल, दीपचंद राम,रमापति यादव, विवेक रंजन यादव, आरिफ हबीब, रुक्सार अहमद,विजय सिंह बागी, मनोज मौर्या, शिवजीत यादव, भानु प्रताप मौर्या, गुड्डू सोनकर, मालती निषाद, शबनम नाज,पंकज यादव, बाबा यादव, आदि संचालन नि०जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया ।

## वृक्षारोपण महान कार्य है जीवन में पेड़ो का बहुत ही महत्व है –राघवेंद्र सिंह प्रबंधक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत सोमवार को पहले दिन कॉलेज के अध्यक्ष प्रबंधक एवम प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में 300(फाइकस फॉक्सटेल पॉम, सुपारी पॉम,



बोतल पॉम, कचनार,गोल्डमोहर, चितवन, आम , आवंला, बेल, कटहल, लीची) का वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र सिंह महाविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि वृक्षारोपण महान कार्य है। जीवन में पेड़ो का बहुत ही महत्व है। ये जीवन जीने के लिए वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करके हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्ष ही हमारे सच्चे साथी है। यदि वातावरण में पेड़ नहीं होते तो पृथ्वी पर कभी जीवन संभव होता ही नहीं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें ये छाया, लकड़ियाँ, फल और सभी पक्षियों को घर भी देते हैं।इसी क्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष प्रकृति की अनुपम देन हैं। वृक्षों को हरा सोना भी कहा जाता है। पेड़ प्रकृति के द्वारा दी गई वो देन है, जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इनके कारण ही हमारा और पृथ्वी का अस्तित्व है, पेड़ों के बिना यह सब असंभव है। जहॉ पेड़ अधिक होंगे, वहॉ पर साफ व शुद्ध जलवायु होगी। उक्त कार्यक्रम में प्रो रजनीश सिंह, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान एवम विभाग के डा हरिबक्श, डा राज पांडेय, श्री अमन श्रीवस्तव व महाविद्यालय के बीएससी कृषि व एमएससी कृषि उद्यान के छात्रों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा। कार्यकर्म में प्रो राजीव रतन सिंह, प्रो हिमांशु सिंह , डा विजय कुमार सिंह, डा हरिओम त्रिपाठी, डा राहुल, डा वेद प्रकाश सिंह, श्री पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वांछित अभियुक्त को गोला पुलिस ने भेजा जेल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोला पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार भेजा जेल। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लम्बे समय से वांछित अभियुक्त विजय कुमार यादव पुत्र



स्व साहब दयाल यादव निवासी गजभरी थाना गोला को एक मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को गोला थाना लाया गया था। इस दौरान विवेचकध क्षेत्राधिकार गोला ने अभियुक्त के उपर धारा 498ए, 313, 323, 377, 504, 506, 376 , 511 व एससीएसटी एक्ट होने की बात बताई गयी। जिसके बाद वांछित अभियुक्त को तत्काल गोला थाने से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर राकेश सिंह, थाना बेलघाट के उपनिरीक्षक आरिफ अली शेर , कांस्टेबल विकास सिंह शामिल रहें।

## मनुष्य होना हमारा भाग्य है परंतु महादेव भक्त होना परम सौभाग्य है –अनुराग श्रीवास्तव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पावन श्रावण माह के धार्मिक आयोजन के क्रम में ग्राम पंचायत मियांपुर के राजस्व ग्राम हुसैनापुर धौकल स्थित शिव सत्संग मंडल आश्रम के सिद्धनाथ महादेव के शिवालय में प्रभु भोलेनाथ जी की कृपा से मित्र परिवार संस्थापक ध सयोंजक अनुराग श्रीवास्तव , संस्थापक सदस्य प्रभाकर बाजपेयी , संस्थापक सदस्य शिव प्रसाद श्रीवास्तव , आशुतोष मिश्रा , संदीप शुक्ला,मित्रपरिवार के अन्य कई सदस्यों एवं शिवभक्तों द्वारा बाबा भोलेनाथ जी का रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार पूजन पुरोहित संत कुमार द्विवेदी के निर्देशन में किया गया। अभिषेक एवं श्रंगार पूजन में मुख्य रूप से शिव सत्संग मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य अशोक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र. एवं भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, सुरेंद्र मोहन त्रिवेदी, ध्रुव तिवारी ,संदीप श्रीवास्तव , भाजपा नेता कुलदीप श्रीवास्तव , रोहित द्विवेदी , सर्वेश शुक्ला,महात्मा शांतानंद, जमुनादीन, प्रेमकुमार,शिक्षक पंकज भाई, स्वामीदयाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य नीरज ,मोहित राजपूत,योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,पंकज सिंह,देव सिंह, रामकुमार, रमाकांत राजपूत, शिक्षिका पुनीता श्रीवास्तव,अजय गुप्ता, रोहित श्रीवास्तव, शशिकांत शुक्ला,नवीन गुप्ता,राजीव यादव,अमित यादव आदि शिव भक्त उपस्थित रहे।सभी ने सामुहिक रूप से भगवान भोलेनाथ जी का रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार पूजन कर समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। शिव सत्संग मण्डल आश्रम में मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने सहधर्मिणी उमा के साथ रुद्राभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चारण कर भगवान



शिव का अभिषेक कर सुख–समृद्धि की मंगल कामना की गई। भक्तों ने ओम नमरू शिवाय,शिव ,शिव,शिव का जाप करके विधि पूर्वक पूजा की। इस अवसर पर मण्डल के संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि सतयुग, त्रेतायुग ,द्वापर युग, कलयुग सभी युगों में शिव उपासना का सर्वाधिक महत्व रहा है। कलयुग में अमीर–गरीब,ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र कोई भी हो, शिवलिंग बना कर भगवान शिव की अराधना कर सकता है।समापन पर हुए भंडारा में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । अंत में अनुराग श्रीवास्तव ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य होना हमारा सौभाग्य है,परंतु महादेव का भक्त होना परम सौभाग्य है।सभी भक्तजन सत्संग,सेवा,सुमिरन में रहकर स्व कल्याण करते हुए समाज कल्याण में सहायक होवें।

## शीशों पर काली फिल्म लगा रहे मकैनिक को किया गया गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई गोलघर काली मंदिर के सामने वाहन बना रहे मैकेनिक की दुकानों पर वाहनों पर लगा रहे काली फिल्म पट्टी लगाने वाले को किया रंगे हाथ गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस लाइन प्रेस वार्ता समाप्त होने के बाद पुलिस कार्यालय जा रहे थे तभी उन्हें दिखाई दिया कि कुछ वाहनों पर काली फिल्म पट्टी लगाई जा रही है तुरंत एसपी सिटी अपने वाहन से उतर कर काली पट्टी लगा रहे मैकेनिक को गिरफ्तार कर अपने पिकेट वाहन से जटेपुर चौकी भेज दिया जिससे यह पता चल सके कि उक्त मैकेनिकल कहां से काली फिल्म की खरीदारी करता है जिससे उसको पकड़ा जाए और शहर में काली फिल्म लगाने वाले मैकेनिक को पकड़ा जा सके जिससे वाहनों पर काली फिल्म लगा हुआ कोई भी वाहन ना दिखाई दे सकें और अपराध और अपराधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके काली पट्टी जिले की यातायात व्यवस्था लचर कर देती है बस हो या कार। सब लोग नियम तोड़ वाहनों पर काली फिल्म लगाने का कार्य करते हैं कोई क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाता है। कोई प्राइवेट नंबर का व्यवसायिक उपयोग कर रहा है। अब तो हाल ये है कि लोग खुलेआम अपनी गाडियों में काला शीशा लगा कर बेखौफ घूम रहे लेकिन पुलिस अधीक्षक नगर की आंखों में कोई धूल नहीं झोंक सकता उनकी पैनी नजर से काला सीसा वाला बच नही सकता। महानगर में कई बार काला शीशा लगे वाहनों से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। सरकार द्वारा काला शीशा पर प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद इसके सड़क पर काला शीशा लगे वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी हैं या वीआईपी, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है न जनता



को। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है। कारों से हत्या और अपहरण की वारदातों को अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक चरित्र वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं।केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 100 के तहत वाहनों की खिड़कियों के शीशे काले या रंगीन नहीं होने चाहिए। नियम के अनुसार वाहनों की खिड़कियों के साइड विंडो शीशा कम से कम 50 प्रतिशत और सामने और पीछे का शीशा 70 प्रतिशत पारदर्शी होना चाहिए। केंद्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 के नियम ((2)) के तहत वाहनों में लगे काले शीशे को हटाने का प्रावधान है।मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177 और 179 के तहत काला शीशा लगाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। पुलिस अधीक्षक नगर शहर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दिए हैं कि कोई भी वाहन काली फिल्म लगाकर चलता हुआ दिखाई देता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जाए।

## सर्विलांस अभियान के तहत 01 से 14 अगस्त तक आवश्यक कार्यवाही करने हेतु किया गया निर्देशित

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा खाद्य तेल में मिलावट की रोकथाम, ट्रांस फैटी एसिड की मात्रा, लेबलिंग प्रावधान और मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल के लिये अनिवार्य एगमार्क लाइसेंस और खुले खाद्य तेलों के बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से सर्विलांस अभियान के तहत 01 अगस्त 2022 से 14 अगस्त 2022 तक आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । तद्क्रम में 02 अगस्त 2022 को जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से एडिबल ऑयल एवं मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल के कुल 04 सर्विलांस नमूना नियमानुसार जांच हेतु संग्रहीत किया गया है। जनपद के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि खुले खाद्य तेल का विक्रय न करें।

### भोले के भजनों पर कांवड़ियों के साथ झूमते–नाचते नजर आए विधायक

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवासतव : सावन महीने में चारों ओर हर– हर बम– बम भोले की धूम हैं, शिवभक्ति में मस्त कांवड़िये डीजे की धुन पर थिरकते हुए जलाभिषेक को बाबा के दर पर जाते दिखाई दे रहे हैं । सोमवार को पाली नगर के बैरियर चौराहे पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने छोटी काशी यानी गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक को जा रहे कांवड़िये को अंगवस्त्र व श्रीफल देकर सम्मानित किया तो कांवड़ियों के आग्रह पर विधायक रानू सिंह उनके साथ डीजे पर बज रहे भजनों पर झूमते–नाचते नजर आए। पाली के वैरियर चौराहे पर सोमवार को उस समय भक्तिमय माहौल नजर आया, जब सवायजपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू अपने दर्जनों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे, और पांचाल घाट से गंगाजल लेकर आने वाले कावड़ियों की अगवानी की, कावड़ियों के सेवा सत्कार में लगे विधायक रानू सिंह कावड़ियों के आग्रह पर उनके



साथ शिव भजनों पर जमकर झूमे और नाचे । भोले की भक्ति में विधायक को झूमते देखकर अन्य लोगों ने भी उनका साथ दिया । भाजपा नेता श्याम सिंह भी कावड़ियों के साथ खूब झूमते और नाचते नजर आए । विधायक को इस तरह झूमते नाचते देखकर आस–पास मौजूद लोगों ने हर –हर भोले बम– बम भोले का जयघोष किया। इस मौके पर भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा, बॉबी भदौरिया, विजय मिश्रा, अनुज मिश्रा, बाबू बाजपेई, रामजी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष के चलते पीड़ित महिला ने पांच के खिलाफ कोतवाली में दी नामजद तहरीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परसूही गांव की रहने वाली कोमल सिंह पत्नी सूर्य प्रकाश सिंह ने कोतवाली में तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की सुबह करीब 7रू30 बजे उसका पति सूर्य प्रकाश सिंह अपनी मां नीलम सिंह को छोड़कर अपने डिस्कवर मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे। तहरीर के मुताबिक जैसे ही उनके पति अपने क्षेत्र से खड़ंजा मार्ग पर पहुंचे कि पहले से ही सुनियोजित तरीके से विपक्षी राम भवन पुत्र राम जियावन , संजय पुत्र राम भवन , सुरेश कुमार पुत्र राम भवन , अवधेश कुमार पुत्र राम भवन तथा दुर्गेश कुमार उर्फ अतुल पुत्र राम शकल वहां पर मौजूद थे। उन्होंने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उनके पति को रुकवा लिया तथा लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से मारने लगे।अपने को पिटता देख सूर्य प्रकाश सिंह जोर–जोर से शोर मचाने लगे। पीड़ित के मुताबिक शोर सुनकर कोमल सिंह की सासु नीलम सिंह तथा आसपास में मौजूद तमाम लोग दौड़े और बीच–बचाव का प्रयास करने लगे किंतु विपक्षी इतना उत्तेजित थे कि बीच–बचाव कर रहे लोगों के साथ भी गाली गलौज करने लगे और कहने लगे कि तुम लोग हट जाओ आज मैं इसे जान से मार डालूंगा। सूत्र के मुताबिक कोतवाली में दी गई तहरीर मे यह भी बताया गया है कि विपक्षी के मार से सूर्य प्रकाश सिंह का सर फट गया है तथा शरीर के विभिन्न अंगों पर गहरी चोटें आई हैं। जिससे वह घटनास्थल पर ही बेहोश हो गए। पीड़िता ने तहरीर में यह भी




बताया है कि उसके परिवार के लोगों को एक माह के अंदर जान से मार देने की धमकी भी दिए हैं।तहरीर में यह भी बताया गया है कि सूर्य प्रकाश सिंह को बेहोशी की हालत में एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।बताया जाता है कि दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक पक्ष से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित महिला ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर पति के साथ मारपीट करने धमकी देने का आरोप लगाया है।

# 34 वी पीएसी बटालियन के जांबाज जल कर्मियों द्वारा युवक की जान बचाने पर कमांडेंट डा.मिश्र आईपीएस ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी बटालियन पीएसी वाहिनी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक सिंधिया घाट वाराणसी पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की बाढ़ राहत दल (बी दल ) से दलनायक ब्रजेश राय के नेतृत्त्व में मुख्य आरक्षी अवधेश यादव तथा आरक्षी अमित कुमार राय अपनी ड्यूटी पर तैनात थे।सूत्र के मुताबिक ड्यूटी पर तैनाती के दौरान अचानक,गंगा नदी मे स्नान करने आये चन्दन प्रजापति पुत्र संकठा प्रसाद प्रजापति,निवासी, नयी बस्ती,पांडेपुर वाराणसी गंगा नदी की तेज धारा की चपेट मे आने से डूबने लगा।जिस पर वहां पर तैनात बाढ़ राहत दल के कर्मियों की पैनी नजर उस डूबते हुए युवक पर पड़ीं। सूत्र के मुताबिक वहां पर तैनात बाढ़ राहत दल के कर्मियों ने तत्काल अपनी जान की परवाह किये बिना उक्त युवक को गंगा की तेज धारा में कूद कर उस डूबते हुए युवक को बचाकर सराहनीय कार्य किया।इस मौके पर पीएसी के जांबाज जल



नायकों द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की तारीफ आसपास के लोगो ने किया।वही इसी कड़ी में इस मौके पर वहां मौजूद जनमानस तथा श्रद्धांलुओं द्वारा भूरी –भूरी प्रशंसा की गयी। जिसके चलते सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी,डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया।

# क्यों मनाया जाता है नाग पंचमी पर्व पेश है एक रिपोर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)हिंदू धर्म में अन्य पर्वों की तरह नागपंचमी का भी अपना एक महत्व है। इस दिन लोग नाग देवता को प्रसन्न करने के लोग दूध पिलाते हैं। इस पर्व को क्यों मनाते हैं इसकी भी कहानी है।जनमानस में नागपंचमी पर्व की विविध ा जनश्रुतियां और कथाएं प्रचलित है। नागपंचमी के संबंध में ऐसी ही दो बहुप्रचलित कथाएं हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं।एक राजा के सात पुत्र थे, उन सबके विवाह हो चुके थे। उनमें से छह पुत्रों के संतान भी हो चुकी थी। सबसे छोटे पुत्र के अब तक कोई संतान नहीं हुई, जिठानियां बांझ कहकर बहुत ताने देती थीं।एक तो संतान न होने का दुःख और उस पर सास, ननद, जिठानी आदि के ताने उसको और भी दुखी करने लगे। इससे व्याकुल होकर वह बेचारी रोने लगती। उसका पति समझाता कि श्संतान होना या न होना तो भाग्य के अध ीन है, फिर तू क्यों दुःखी होती है?श वह कहती– सुनते हो, सब लोग बांझ– बांझ कहकर मेरी नाक में दम किए हैं।पति बोला– दुनिया बकती है, बकने दे मैं तो कुछ नहीं कहता। तू मेरी ओर ध्यान दे और दुःख को छोड़कर प्रसन्न रह। पति की बात सुनकर उसे कुछ सांत्वना मिलती, परंतु फिर जब कोई ताने देता तो रोने लगती थी।इस प्रकार एक दिन नाग पंचमी आ गई। चौथ की रात को उसे स्वप्न में पांच नाग दिखाई दिए, उनमें एक ने कहा– श्अरी पुत्री।कल नागपंचमी है, तू अगर हमारा पूजन करे तो तुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति हो सकती है। यह सुनकर वह उठ बैठी और पति को जगाकर स्वप्न का हाल सुनाया। पति ने कहा– यह कौन सी बड़ी बात है?पांच नाग अगर दिखाई दिए हैं तो पांचों की आकृति बनाकर उसका पूजन कर देना। नाग लोग ठंडा भोजन ग्रहण करते हैं, इसलिए उन्हें कच्चे दूध से प्रसन्न करना। दूसरे दिन उसने ठीक वैसा ही किया। नागों के पूजन से उसे नौ मास के बाद सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई।इसी तरह एक कहानी और प्रचलित है।किसी राज्य में एक किसान परिवार रहता था। किसान के दो पुत्र व एक पुत्री थी। एक दिन हल जोतते समय हल से नाग के तीन बच्चे कुचल कर मर गए। नागिन पहले तो विलाप करती रही फिर उसने अपनी संतान के हत्यारे से बदला लेने का संकल्प किया। रात्रि को अंधकार में नागिन ने किसान, उसकी पत्नी व दोनों लड़कों को डस लिया।अगले दिन प्रातः किसान की पुत्री को डसने के उद्देश्य से नागिन फिर चली तो किसान कन्या ने उसके सामने दूध का भरा कटोरा रख दिया।हाथ जोड़ क्षमा मांगने लगी।नागिन ने प्रसन्न होकर उसके माता–पिता व दोनों भाइयों को पुनः जीवित कर दिया। उस दिन श्रावण शुक्ल पंचमी थी। तब से आज तक नागों के कोप से बचने के लिए इस दिन नागों की पूजा की जाती हैं।

# शिकायत कर्ता के आरोप के मुताबिक ग्राम प्रधान ने दो सगी भाभियों को दिया 67 ए का लाभ : कमिश्नर ने दिये जांच के आदेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के मिल्कीपुर तहसील के ग्राम पंचायत बकचुना के ग्राम प्रधान राजेश यादव व क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी के ऊपर उसी गांव के उमेश कुमार तिवारी ने मंडलायुक्त से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।जिसमें शिकायत कर्ता ने ग्राम प्रध ाान व क्षेत्रीय लेखपाल के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 2020 में राजेश यादव पुत्र राम बक्स यादव ग्राम प्रधान थे वर्तमान ग्राम प्रध ाान होने से अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी सगी भाभी चिमना देवी व शिव कुमारी के नाम नाजायज ढंग से धारा 67 यूवपीवआरवसीव के तहत नियम के विरुद्ध लाभ लिया है उस समय क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी वर्तमान ग्राम प्रधान से साठगांठ करके नाजायज तरीके से 67ए का लाभ लिया है जबकि उक्त ग्राम सभा चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत था उसी दरमियान चकबंदी जिस गाते पर 67एका लाभ दिया गया है वह गाटा संख्या 1033 ग्राम प्रधान के पिता रामप्रकाश पुत्र रामसेवक के नाम दर्ज था ग्राम प्रधान ने जानबूझकर इस गाटे को समाज में प्रवतित कराया जिसका नया गाटा संख्या 1580 है तथा इतनी भूमि अलग ग्राम समाज के खाते से लिया धारा 67 का लाभ लेने के लिए वर्ष 29ध11ध 2012 से पूर्व का कब्जा होना चाहिए तथा भूमि ग्राम समाज के खाते में दर्ज होना चाहिए उक्त ग्राम सभा में 12ध01ध2017 का धारा 52 का प्रकाशन हुआ है इसके पूर्व ग्राम प्रधान के पिता राम बक्स



के नाम दर्ज थी तथा नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम प्रधान राजेश यादव व क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने नियम की अनदेखी करके 29 नवंबर सन 2012 के पूर्व का कब्जा दिखाकर 67 का लाभ दे दिया जबकि उक्त जमीन ग्राम समाज के खाते में नहीं थी वह गाटा संख्या 1033 ग्राम प्रधान के पिता राम बक्स के नाम दर्ज थी इस प्रकार अभिलेखीय साक्ष्य से स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल अपने पद का दुरुपयोग व कानून की अनदेखी करते हुए धारा 67 का लाभ दे दिया है।वही गंभीर मामला देखते हुए मंडलायुक्त ने उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर को स्वयं जांच करने का आदेश दिया है।अब देखना है की उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर द्वारा हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान के ऊपर क्या कार्यवाही करते है या फिर मामले में लीपापोती।

# रिकॉर्ड तोड़ पेपर लीक की घटनाएं : उत्तर प्रदेश सरकार पर बदनुमा दाग– विकास श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार पुनः लेखपाल भर्ती मेन्स परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आया है। 2017 से लेकर अभी तक एक दर्जन से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होने की खबर मीडिया की सुर्खियों में आ चुका है। मौजूदा कार्यकाल में भी योगी आदित्यनाथ सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं के भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामले को रोकने में पूरी तरह बौनी साबित हुई है। लेखपाल भर्ती पेपर लीक मामले को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा योगी सरकार अपने पिछले कार्यकाल की भांति वर्तमान कार्यकाल में भी कानून व्यवस्था, रोजगार के मुद्दें पर बुरी तरह फेल साबित हुई है। रोजगार देने में पूर्णतया असफल योगी सरकार विज्ञापनों के माध्यम से भारी भरकम परीक्षा फीस वसूलती और कोई भी प्रतियोगी परीक्षा सकुशल बिना विवाद आयोजित नहीं करा पा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद हर बार एसटीएफ और कार्यवाही की कवायद दिखाकर मुख्यमंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले पांच साल से प्रदेश में करीब 13 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, ऐसे में इस तरह की लापरवाही, रोजगार देने में योगी सरकार की असंवेदनशीलता को साफ दर्शाता है। प्रतियोगी छात्रों के भविष्य से लगातार हो रहा यह खिलवाड़ प्रदेश के लाखों अभ्यर्थियों के बीच अत्यंत गंभीर मुद्दा है। प्रदेश कांग्रेस इस मामले को लेकर लगातार युवाओं के बीच में जा रही है और उनके प्रत्येक आंदोलन का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्म, जाति, नफरत और विघटन की राजनीति करके सफल बीजेपी निरंकुशता और अहंकार से लबरेज है। बीजेपी की केंद्र और राज्यों की सरकार वर्षों की मेहनत से स्थापित हुए देश के एसेट्स और पीएसयू बेच रही है। पांच साल तक इस सरकार ने सरकारी नौकरी मांगने वाले छात्रों पर लाठियां चलवाई और यह सरकार युवाओं को नौकरी देने में




नाकाम रही है। भर्तियां रद्द हो रही है, परीक्षाओं में पेपर लीक हो रहे हैं। किसी तरह से सरकारी तंत्र की विफलता से निकलकर भर्तियां नियुक्ति तक पहुँचती हैं, तो भर्ती में अनियमिताओं का मामला छात्रों को अदालतों के चक्कर कटवाता हैं। जल्द ही कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं युवक कांग्रेस प्रदेश में लगातार हो रहे पेपर लीक मामले और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर ब्लाक स्तर पर जन आन्दोलन खड़ा करने जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ पेपर लीक की घटनाएं उत्तर प्रदेश सरकार पर बदनुमा दाग हैं और एक बात सच साबित हो रही है कि यूपी सरकार नौकरी के नाम पर लाखों युवाओं के साथ लगातार धोखा कर रही है। शिक्षित नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है। वर्षो से कड़ी मेहनत के साथ प्रतियोगी छात्र सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहें हैं। मां बाप भी कड़ी मेहनत मजदूरी कर उनकी पढ़ाई पर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करते हैं और योगी सरकार सरकारी पदों की परीक्षाओं में इस तरह लापरवाही बरत रही है। रोजगार को लेकर बड़े बडेध वादें एवं दावे करने वाली भाजपा की सरकारों की लचर कार्यशैली से प्रदेश का बेरोजगार नौजवान ऊब चुका है।

# वाहन ने महिला को रौंदा : मौत

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के नयाघाट चौकी अंतर्गत बालूघाट बाईपास पर एक अज्ञात वाहन ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला सावन झूला मेले में शामिल होने अयोध्या आई थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है।नयाघाट चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोमवार को 30 वर्षीय आरती निवासी गांव चमनपुर जनपद शिवहर, बिहार बालूघाट बाईपास पर सड़क पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टरों ने उस मृत घोषित किया। शव को पीएम के लिए भेंज दिया गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जारी है।

# अयोध्या में हनुमान चालीसा पढ़ने पर स्कूल से नाम काटा

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में एक मुस्लिम इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले 2 हिंदू छात्रों का नाम काट दिया गया है. छात्र का कहना है कि क्लास में हनुमान चालीसा पढ़ने पर उसे स्कूल से निकाला गया है जबकि स्कूल मैनेजमेंट ने बच्चों पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया है।हिंदू संगठनों ने इसे कॉलेज की मनमानी बताते हुए नाराजगी जताई है।विश्व हिंदू परिषद ने शासन–प्रशासन से मामले की जांच कर कॉलेज की मान्यता समाप्त करने की मांग की है।मामला जिले के थाना रौनाही क्षेत्र के सोहावल का है। फैज–ए–आम मुस्लिम इंटर कॉलेज में नर्सरी से कक्षा 12 तक पढ़ाई होती है। यहां फैज–ए–आम मुस्लिम इंटर कॉलेज के छात्र सौरव यादव ने बताया, मुस्लिम छात्र के साथ बैठकर वह रहीम के दोहे पढ़ रहा था, तभी एक मुस्लिम छात्र ने आपत्ति जताई और रहीम के दोहे की जगह कुरान पढ़ने के लिए कहा,साथ ही वह बादशाह अकबर की तारीफ करने लगा। इसके बाद मैं रामायण और हनुमान चालीसा पढ़ने लगा, इस पर मुस्लिम छात्र ने कॉलेज मैनेजमेंट से मेरी शिकायत कर दी। बिना मेरी बात सुने नाम काट दिया गया और टीसी दे दी. दूसरा छात्र माधवेंद्र प्रताप सिंह भी डरा हुआ है,उसका कहना है, मैं क्लास में साइंस का होमवर्क कर रहा था। मुझे कुछ नहीं पता, मुझे क्यों निकाला गया, इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है।

# सांसद लल्लू सिंह ने भू–माफिया के खिलाफ खोलकर सीएम योगी को पत्र भेजकर एसआईटी से जांच कराने की मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय भू माफियाओं के खिलाफ सांसद लल्लू सिंह ने मोर्चा खोल दिया है।सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अयोध्या में जमथरा से गोलाघाट तक भूमाफियाओं की ओर से नजूल तथा सरयू नदी की डूब क्षेत्र (दरिया बुर्ज) की जमीन में किए गए अवैध कब्जों की जांच कराने की मांग की है।सांसद की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भू – माफियाओं का ऐसा दबदबा है कि पूर्व में सम्बन्धित तात्कालिक अधिकारियोंध कर्मचारियों के साथ मिलकर नजूल तथा डूब क्षेत्र ( दरिया बुर्ज ) की जमीनों में काफी हेराफेरी करके लोगों को गुमराह कर जमीनों को ऐन–केन–प्रकारेण उनके नाम कर दिया गया।जिसमें रोजी–रोटी कमाने वाले जो व्यक्ति शहर में रहना चाहते हैं ऐसे लोगों के साथ उक्त जमीनों को करोड़ोध अरबों रूपयों की हेराफेरी की है। जमथरा घाट से गोलाघाट तक की जमीनों पर भू माफियाओं का व्यापार फल फूल रहा है।गत तीन दशकों से उत्तर प्रदेश शासन की ओर से नजूल का किसी भी प्रकार का पट्टा नहीं किया जा रहा है और न ही किए गये पट्टे का रिन्यूनल हो रहा है।डूब की जमीनों पर किसी प्रकार का फ्री – होल्ड भी नहीं हो रहा है।फिर भी उक्त जमीन का किन परिस्थितियों में भू–माफियाओं ने डूब क्षेत्र नजूल की भूमि विक्रय किया गया।जिस पर लोगों की ओर से स्थायी अस्थायी निर्माण कराया जा रहा है।उस जमीन की जाँच एसआईटी से होना आवश्यक है। जिसमें भू–माफियाओं के साथ तत्कालीन दोषी अधिकारियोंध कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हो सके।सांसद ने पत्र में यह अनुरोध किया है कि अयोध या महानगर विकसित होने में विभिन्न योजनाओं में जमीनों का आरक्षित होना आवश्यक है। अयोध या में जमथरा से गोलाघाट तक भू–माफियाओं की ओर से नजूल तथा डूब क्षेत्र की विक्रय की गई भूमि में भ्रष्टाचार की जाँच करवाकर तत्कालीन दोषी अधि ाकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय।जिससे भविष्य में भू–माफिया पर लगाम लगाया जा सके।

# सब्जी के कीमतों में उछाल : शिमला से आ रहे सेब से ज्यादा महंगी हुई शिमला मिर्च

प्रयागराज ब्यूरो : आटा, दाल एवं अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ जाने से रसोई का बजट लोगों का गड़बड़ा रहा है। अब रही सही कसर बाजार में सब्जियों की कीमतों में आए उछाल ने पूरी कर दी है। बीते एक सप्ताह के दौरान ही आलू समेत तमाम हरी सब्जियों की कीमतों में खासा उछाल आया है। कुछ सब्जियों के दाम एक सप्ताह में ही दोगुना हो गए हैं। मानसून आने के बाद से ही सब्जियों के दाम में बढ़त जारी है। लेकिन बीते एक सप्ताह के दौरान ही सब्जियों के दाम में एकबारगी खासा इजाफा हो गया है। सबसे ज्यादा आग हरी सब्जी के दाम में लगी है। पिछले सप्ताह 45 से 60 रुपये किलो में बिक रहे परवल के दाम 90 से 100 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। यही स्थिति भिंडी की भी है। एक सप्ताह में ही भिंडी के दाम फुटकर बाजार में तकरीबन दो गुना बढ़े हैं।शहर की तमाम सब्जी मंडियों में भिंडी 50 से 60 रुपये किलो में मिल रही है। नेनुआ के दाम भी 20 रुपये किलो से बढ़कर 30 से 40 रुपये हो गए हैं। लौकी प्रति नग 20 से 40 रुपये में उपलब्ध है। इस बीच आलू के दाम में भी इजाफा हुआ है। सोमवार को मुंडेरा थोक मंडी में जी–4 आलू का दाम 20 रुपये किलो रहा, जबकि फुटकर में यही आलू अब 30 से 35 रुपये में बिक रहा है। टमाटर का दाम है कई दिन से स्थिर राहत की बात यह है कि टमाटर के दाम बीते कुछ दिनों से स्थिर हैं। थोक मंडी में टमाटर 15 से 20 एवं फुटकर में 25 से 35 रुपये किलो में मिल जा रहा है। हरी मिर्च का दाम भी 100 रुपये किलो होने से लोग परेशान हैं। इसी तरह शिमला मिर्च 130 से 150 रुपये किलो हो गई, जबकि शिमला से आने वाले सेब के दाम 100 से 120 रुपये किलो ही हैं। गृहणी रुचि छावड़ा ने बताया कि महंगाई इस कदर बढ़ रही है कि घर का बजट ही संभालना मुश्किल हो रहा है। उधर, फल सब्जी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश कुमार कुशवाहा का कहना है कि बारिश की वजह से लोकल हरी सब्जियों की अवाक कम होने से उसका रेट बढ़ा है। अगर प्रयागराज में बाढ़ आई तो सब्जियों का दाम और ज्यादा बढ़ जाएगा। मंडी में हर रोज आ रहा दो ट्रक हिमाचली सेब प्रयागराज की थोक मंडी मुंडेरा में सेब की आवक बीते कुछ दिनों से बढ़ गई है। अभी यहां हिमाचली सेब ज्यादा आ रहा है। हिमाचल में भी शिमला और उसके आसपास का सेब ही प्रयागराज के बाजार में छाया हुआ है। फल के थोक आढ़ती बच्चा यादव ने बताया कि बीते कुछ दिनों से औसतन दो ट्रक सेब प्रयागराज आ रहा है। अभी एक पेटी सेब का दाम थोक में एक हजार रुपये है। क पेटी में 15 किलो सेब रहता है। वहीं फुटकर बाजार में सेब के दाम 100 से 120 रुपये किलो हैं। जल्द ही कश्मीरी सेब भी यहां आने शुरू हो जाएंगे। शहर के बाजार में अलग–अलग दाम होने के बारे में आढ़ती मुन्ना कुशवाहा बताते हैं कि लोकल ट्रांसपोर्ट का किराया ज्यादा होने की वजह से ही जो सेब 80 से 90 रुपये किलो में बिकने चाहिए, उसके फुटकर कारोबारी 100 से 120 रुपये वसूल रहे हैं।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर नहीं पहुंचे अधिकारीगण : कागजों में निस्तारण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी ब्लाक के चिलौना ग्राम पंचायत में कई लाख रुपए से बना आंगनवाड़ी केंद्र 5 साल बीत जाने के बाद भी अधूरा है। रविवार को ग्रामीणों ने वर्तमान प्रधान द्वारा पुनः रिपेयरिंग का आरोप लगाते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया है।ग्रामीणों ने एसडीएम से भवन निर्माण की अनियमितता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है। चिलौना गांव के चंद्रहास सिंह,अनिल गुप्ता,शिवम सिंह,अजय सिंह,उदय प्रताप,मंजीत,दिलीप ने बताया बीते 5 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र बन रहा है लेकिन आज तक अध ूरा है।इसमें न तो फर्श बना है और न तो रंगाई पुताई ही हुई है,कोई आगनवाड़ी कार्यकत्री अभी तक ऑफिस को झांकने तक नहीं आए है।इसलिए ग्रामीणों ने बीडीओ,एसडीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई बार शिकायत किया गया लेकिन अधिकारी मौके पर देखने तक नहीं आए सिर्फ कागजों में आख्या देकर निस्तारण कर दिया गया।कुछ दिनों से आंगनबाड़ी केंद्र में गिट्टी तोड़ा जा रहा है।ऐसा



प्रतीत होता है वर्तमान प्रधान नए बजट में पुनः रिपेयरिंग का कार्य हो रहा है।इस सम्बंध में एसडीएम सिद्धार्थ पाठक ने बताया मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा ने बताया शिकायत मिली है।अनियमितता मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।